CS (Main) Exam,2019

SDF-B-MGMT

# प्रबन्धन / MANAGEMENT

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : **तीन** घंटे

*Time Allowed* : **Three** *Hours*

अधिकतम अंक : **250**

*Maximum Marks* : **250**

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

आवश्यक सन्दर्भ के लिए प्रसामान्य प्रायिकता बंटन सारणी संलग्न है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* **EIGHT** *questions divided in* **TWO SECTIONS** *and printed both in* **HINDI** *and in* **ENGLISH**.

*Candidate has to attempt* **FIVE** *questions in all.*

*Questions no.* **1** *and* **5** *are compulsory and out of the remaining, any* **THREE** *are to be attempted choosing at least* **ONE** *question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Normal probability distribution table is attached for necessary reference.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) एक रसायन कम्पनी दो रासायनिक उत्पादों : 'अ' और 'ब' का उत्पादन करती है । दोनों उत्पादों के उत्पादन हेतु समान प्रक्रिया, 'I' व 'II' की आवश्यकता होती है । 'ब' के उत्पादनस्वरूप एक उप-उत्पाद 'स' भी बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्राप्त होता है । उत्पाद 'अ' प्रति इकाई ₹ 3 के लाभ और 'ब' प्रति इकाई ₹ 8 के लाभ पर बेचे जा सकते हैं । इसमें से कुछ उप-उत्पाद प्रति इकाई ₹ 2 के लाभ पर बेचे जा सकते हैं, शेष को विनष्ट करना होगा और विनष्ट करने की प्रति इकाई लागत ₹ 1 है । पूर्वानुमान दर्शाते हैं कि 'स' की 5 इकाइयों तक को बेचा जा सकता है । कम्पनी 'ब' के प्रति इकाई उत्पादन पर 'स' की 3 इकाइयाँ प्राप्त करती है । 'अ' की प्रति इकाई विनिर्माण करने में प्रक्रिया 'I' व 'II' में 3 घंटे प्रत्येक का समय लगता है और 'ब' की प्रति इकाई विनिर्माण करने में प्रक्रिया 'I' व 'II' में क्रमशः 4 घंटे तथा 5 घंटे का समय लगता है । चूँकि उत्पाद 'स', 'ब' की उत्पादन प्रक्रिया का परिणाम है, 'स' के उत्पादन में कोई समय नहीं लगाया जाता है । प्रक्रिया 'I' व 'II' हेतु उपलब्ध समय क्रमशः 18 और 21 घंटे हैं ।

इस समस्या का प्रतिपादन, कम्पनी को उच्चतम लाभ हेतु, 'स' को ध्यान में रखते हुए, 'अ' व 'ब' की उत्पादित की जाने वाली मात्रा का निर्धारण, एक एल.पी. मॉडल के रूप में कीजिए ।

A chemical company produces two chemical products : 'A' and 'B'. Production of both products requires the same process, 'I' and 'II'. The production of 'B' results also in a by-product 'C' at no extra cost. The product 'A' can be sold at a profit of ₹ 3 per unit and 'B' at a profit of ₹ 8 per unit. Some of this by-product can be sold at a unit profit of ₹ 2, the remainder has to be destroyed and the destruction cost is ₹ 1 per unit. Forecasts show that up to 5 units of 'C' can be sold. The company gets 3 units of 'C' for each unit of 'B' produced. The manufacturing times are 3 hours each per unit for 'A' on process 'I' and 'II', and 4 hours and 5 hours per unit for 'B' on process 'I' and 'II', respectively. Because the product 'C' results from producing 'B', no time is used in producing 'C'. The available times are 18 and 21 hours of process 'I' and 'II', respectively.

Formulate this problem as an LP model to determine the quantity of 'A' and 'B' which should be produced, keeping 'C' in mind, to make the highest profit for the company. *10*

(b) कारोबारी लेखक टॉम पीटर्स ने सुझाया है कि प्रक्रिया परिवर्तन करने में हमें, "उसे आज़माना, उसे परखना, और उसके साथ आगे बढ़ना चाहिए ।" यह किस प्रकार परिभाषित, मापन, विश्लेषण, सुधार और नियन्त्रण करने (डी.एम.ए.आई.सी.)/निरन्तर सुधार दर्शन से सामंजस्य स्थापित करता है ?

Business writer Tom Peters has suggested that in making process changes, we should "Try it, test it, and get on with it." How does this square with the Define, Measure, Analyse, Improve and Control (DMAIC)/continuous improvement philosophy ? *10*

(c) निर्णय सहायक तंत्र (डी.एस.एस.) क्या है ? डी.एस.एस. अनुप्रयोगों के वर्गीकरण की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए और उनके संघटकों को अभिव्यक्त कीजिए ।

What is Decision Support System (DSS) ? Describe the different methods of classification of DSS applications and state their components. *10*

(d) कंबन उत्पादन नियन्त्रण पद्धति क्या है ? कंबन पद्धति हेतु विभिन्न सम्भावित उपागमों को अभिव्यक्त कीजिए । एक कंबन नियन्त्रण पद्धति को प्रतिष्ठित करने के लिए आवश्यक कंबनों की संख्या निर्धारित कीजिए ।

What is Kanban Production Control System ? State the different possible approaches for Kanban System. Determine the number of Kanbans needed for setting up a Kanban Control System. *10*

(e) एक कम्पनी के पास एक माह में 1000 स्कूटरों का विनिर्माण करने वाले 3 संयंत्र हैं । संयंत्र 'अ, 'ब' और 'स' प्रति माह क्रमश: 500, 300 और 200 स्कूटरों का निर्माण करते हैं । संयंत्र 'अ', 'ब' और 'स' में क्रमश: 90%, 92% और 95% स्कूटरों को मानक गुणवत्ता श्रेणित किया जाता है ।

(i) यादृच्छिक रूप से चयनित एक स्कूटर की मानक गुणवत्तापूर्ण होने की सम्भाविता कितनी है ?

(ii) यदि यह ज्ञात हो कि यादृच्छिक रूप से चयनित एक स्कूटर मानक गुणवत्तापूर्ण है, तो इसकी सम्भाविता कितनी है कि स्कूटर संयंत्र 'ब' से आता है ?

A company has 3 plants manufacturing 1000 scooters in a month. Plants 'A', 'B' and 'C' manufacture 500, 300 and 200 scooters per month respectively. 90%, 92% and 95% scooters are rated standard quality in plants 'A', 'B' and 'C' respectively.

(i) What is the probability that a scooter selected at random is of standard quality ?

(ii) What is the probability that a scooter selected at random comes from plant 'B' if it is known that the scooter is of standard quality ? *10*

**Q2.** (a) समुच्चय परिचालन योजना क्या है ? विभिन्न उत्पादन नियोजन रणनीतियों की विवेचना कीजिए । समुच्चय उत्पादन योजना से सम्बद्ध प्रासंगिक लागतों को अभिव्यक्त कीजिए ।

What is Aggregate Operations Plan ? Discuss the different Production Planning Strategies. State the relevant costs associated with Aggregate Production Plan. *15*

(b) पाँच विभिन्न प्रकार के यन्त्रों का प्रयोग कर चार विभिन्न कामगारों द्वारा उत्पादित इकाइयों की संख्या निम्नलिखित रूप में प्रदर्शित है :

| यन्त्रों के प्रकार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कामगार | अ | ब | स | द | य |
| I | 40 | 50 | 30 | 70 | 60 |
| II | 50 | 70 | 70 | 40 | 50 |
| III | 70 | 60 | 70 | 80 | 80 |
| IV | 30 | 50 | 40 | 80 | 20 |

इस सूचना के आधार पर, क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि (i) माध्य उत्पादकता की दृष्टि से कामगार भिन्न नहीं होते हैं (ii) विभिन्न यन्त्रों का माध्य उत्पादन समान है ? [5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए]

[तालिका अनुलग्न है]

The following represent the number of units produced by four different workers using five different types of machines :

| Machine Types | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Worker | A | B | C | D | E |
| I | 40 | 50 | 30 | 70 | 60 |
| II | 50 | 70 | 70 | 40 | 50 |
| III | 70 | 60 | 70 | 80 | 80 |
| IV | 30 | 50 | 40 | 80 | 20 |

On the basis of this information, can it be concluded that (i) workers do not differ with regard to mean productivity (ii) mean production is same for different machines ? [Test at 5% level of significance] *10+10=20*

[Tables attached]

(c) निम्नलिखित आँकड़े में 2018 में एक प्रतियोगी परीक्षा में गणित के अंक दिए गए हैं :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 24 | 26 | 31 | 23 | 45 | 35 | 34 | 27 | 25 |
| 43 | 27 | 21 | 39 | 32 | 24 | 42 | 36 | 48 | 23 |
| 31 | 46 | 41 | 28 | 34 | 26 | 38 | 40 | 35 | 26 |

कार्यविधि का वर्णन कीजिए तथा दिए गए अंकों को प्रतिस्थापित किए बिना उपयुक्त विधि द्वारा 8 के आकार का एक यादृच्छिक नमूना चयनित कीजिए ।

माध्य स्कोर और इसकी मानक त्रुटि (standard error) का एक अनुमान दीजिए ।

आप निम्नलिखित यादृच्छिक संख्याओं का प्रयोग कर सकते हैं :

1346 5471 5274 1865 3283 1164 9247 5754

The following data gives the marks in Mathematics in a competitive examination in 2018 :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | 24 | 26 | 31 | 23 | 45 | 35 | 34 | 27 | 25 |
| 43 | 27 | 21 | 39 | 32 | 24 | 42 | 36 | 48 | 23 |
| 31 | 46 | 41 | 28 | 34 | 26 | 38 | 40 | 35 | 26 |

Describe the procedure and draw a random sample of size 8 without replacement from the given marks by suitable method. *15*

Give an estimate of mean score and its standard error.

You may use the following random numbers :

1346 5471 5274 1865 3283 1164 9247 5754

**Q3.** (a) ई-शिक्षा एक नया स्टार्ट-अप है जो इंटरनेट पर प्रदत्त एम.बी.ए. पाठ्यक्रमों को विकसित व उनका विपणन करता है । कम्पनी वर्तमान में बैंगलोर में अवस्थित है और 150 लोगों को नियुक्त करती है । सशक्त वृद्धि के कारण कम्पनी को अतिरिक्त ऑफ़िस स्पेस की आवश्यकता है । अगले दो वर्षों के लिए कम्पनी के पास बैंगलोर में अपनी वर्तमान अवस्थिति में ही अतिरिक्त स्पेस को पट्टे पर लेने का विकल्प है, परन्तु उसके पश्चात् एक नए भवन में स्थानान्तरित होने की आवश्यकता होगी । सम्पूर्ण परिचालन को एक नए भवन में स्थानान्तरित कर देने के एक अन्य विकल्प पर कम्पनी विचार कर रही है । एक अन्य विकल्प जिस पर कम्पनी विचार कर रही है वह सम्पूर्ण परिचालन को मध्य भारत के एक छोटे नगर में तुरन्त स्थानान्तरित करने का है । कम्पनी के लिए एक चौथा विकल्प है बैंगलोर में तुरन्त एक नए भवन को पट्टे पर लेना । यदि कम्पनी पहले विकल्प का चयन करती है और वर्तमान अवस्थिति में नया स्पेस पट्टे पर लेती है, तो दो वर्षों के अन्त में वह बैंगलोर में नया भवन पट्टे पर ले सकती है अथवा मध्य भारत के छोटे नगर में स्थानान्तरित हो सकती है ।

विकल्पों और वर्तमान स्थिति सम्बन्धित कुछ अतिरिक्त तथ्य निम्नलिखित हैं :

1. कम्पनी के पास अगले दो वर्षों तक उत्तरजीविता के 75 प्रतिशत अवसर हैं ।

2. बैंगलोर में वर्तमान अवस्थिति में दो वर्षों हेतु नए स्पेस को पट्टे पर लेने का खर्च ₹ 7,50,000 प्रति वर्ष होगा ।

3. मध्य भारत में सम्पूर्ण रूप से स्थानान्तरण पर ₹ 10 लाख खर्च होंगे और नए भवन को पट्टे पर लेने पर ₹ 5,00,000 प्रति वर्ष व्यय होंगे ।

4. बैंगलोर में एक नए भवन में स्थानान्तरित होने पर ₹ 2,00,000 का खर्च और नए भवन को पट्टे पर लेने पर ₹ 6,50,000 खर्च होंगे ।

5. कम्पनी किसी भी समय पट्टा रद्द कर सकती है ।

6. यदि कम्पनी बनी रही तो अगले 5 वर्षों में अपने भवन का निर्माण करेगी ।

7. मान लीजिए कि कम्पनी चाहे जहाँ अवस्थित हो अन्य सभी लागत और राजस्व समान हैं ।

ई-शिक्षा को क्या करना चाहिए ?

E-Education is a new start-up that develops and markets MBA courses offered over the Internet. The company is currently located in Bangalore and employs 150 people. Due to strong growth, the company needs additional office space. The company has the option of leasing additional space at its current location in Bangalore for the next two years, but after that will need to move to a new building. Another option the company is considering is moving the entire operation to a new building. Another option the company is considering is moving the entire operation into a small Central India town immediately. A fourth option is for the company to lease a new building in Bangalore immediately. If the company chooses the first option and leases new space at its current location, it can, at the end of two years, either lease a new building in Bangalore or move to a small town in Central India.

The following are some additional facts about the alternatives and current situation :

1. The company has a 75% chance of surviving the next two years.

2. Leasing the new space for two years at the current location in Bangalore would cost ₹ 7,50,000 per year.

3. Moving the entire location to Central India would cost ₹ 10 lakhs. Leasing a new building would cost only ₹ 5,00,000 per year.

4. Moving to a new building in Bangalore would cost ₹ 2,00,000 and leasing the new building would cost ₹ 6,50,000.

5. The company can cancel the lease at any time.

6. The company would build its own building in five years, if it survives.

7. Assume all other costs and revenues are the same no matter where the company is located.

What should E-Education do ? *20*

(b) (i) दस लेखाकारों को गहन प्रशिक्षण दिया गया और एक माह में चार परीक्षाएँ कराई गईं । परीक्षा 1 और परीक्षा 4 के स्कोर नीचे दिए गए हैं :

| लेखाकार क्रमांक : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहली परीक्षा में अंक : | 50 | 42 | 51 | 42 | 60 | 41 | 70 | 55 | 62 | 38 |
| चौथी परीक्षा में अंक : | 62 | 40 | 61 | 52 | 68 | 51 | 64 | 63 | 72 | 50 |

क्या परीक्षा 1 से परीक्षा 4 के स्कोर सुधार प्रदर्शित करते हैं ? 5% सार्थकता स्तर पर परीक्षण कीजिए ।

[तालिका अनुलग्न है]

(ii) सामान्य वक्र की विशेषताओं को अभिव्यक्त कीजिए । एक मानक सामान्य वितरण क्या है ? इसके महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

(i) Ten accountants were given intensive coaching and four tests were conducted in a month. The scores of tests 1 and 4 are given below :

| Sl. No. of Accountants : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks in 1$^{st}$ Test : | 50 | 42 | 51 | 42 | 60 | 41 | 70 | 55 | 62 | 38 |
| Marks in 4$^{th}$ Test : | 62 | 40 | 61 | 52 | 68 | 51 | 64 | 63 | 72 | 50 |

Do the scores from test 1 to test 4 show an improvement ? Test at 5% level of significance.

[Tables attached]

(ii) State the properties of the normal curve. What is a standard normal distribution ? Discuss its importance. *10+5=15*

(c) आपूर्ति शृंखला क्या है ? आपूर्ति शृंखला प्रबन्धन के तत्त्व क्या हैं ? आपूर्ति शृंखला प्रबन्धन की क्या आवश्यकता है, और ऐसा करने के कुछ संभाव्य लाभ क्या हैं ?

What is a Supply Chain ? What are the elements of Supply Chain Management ? What is the need to manage a supply chain, and what are some potential benefits of doing so ? *15*

**Q4.** (a) उद्यम संसाधन नियोजन क्या है ? इसके विभिन्न प्रकार्यात्मक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए । ई.आर.पी. के प्रयोग के लाभ और हानि क्या हैं ?

What is Enterprise Resource Planning ? Describe the different functional areas of it. What are the advantages and disadvantages of using ERP ? *15*

(b) (i) एक व्यवसाय के स्वामित्व में विभिन्न प्रकार की सम्पत्ति-सूचियों की विवेचना कीजिए और सम्पत्ति-सूचियों से सम्बद्ध लागतों को अभिव्यक्त कीजिए ।

(ii) एक विक्रेता से क्रय की गई वस्तुओं में से प्रत्येक की लागत ₹ 20 है और अगले वर्ष की माँग का पूर्वानुमान 1,000 इकाइयाँ हैं । यदि अधिक इकाइयों हेतु हर बार एक ऑर्डर की लागत ₹ 5 है और उसका भंडारण लागत प्रति वर्ष प्रति इकाई ₹ 4 है, तो हर बार कितनी मात्रा का ऑर्डर दिया जाना चाहिए ?

I. एक वर्ष की कुल ऑर्डर लागत कितनी है ?

II. एक वर्ष की कुल भंडारण लागत कितनी है ?

(i) Discuss the different types of inventory owned by a business and state the costs associated with inventory.

(ii) Items purchased from a vendor cost ₹ 20 each and the forecast for next years' demand is 1,000 units. If it costs ₹ 5 every time an order is placed for more units and the storage cost is ₹ 4 per unit per year, what quantity should be ordered each time ?

I. What is the total ordering cost for a year ?

II. What is the total storage cost for a year ? *8+7=15*

(c) तन्त्र विकास जीवन चक्र (एस.डी.एल.सी.) क्या है ? एस.डी.एल.सी. के विभिन्न चरणों और प्रत्येक चरण में सम्मिलित कर्तव्यों और प्रकार्यों का सविस्तार वर्णन कीजिए । एस.डी.एल.सी. की शक्तियों और कमज़ोरियों की तुलना कीजिए ।

What is System Development Life Cycle (SDLC) ? Describe in detail the different phases of SDLC and the duties and functions involved in each stage. Compare the strengths and weaknesses of SDLC. *5+10+5=20*

anujjindal.in

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** (a) "एस.एम.ई. तत्काल बड़े पैमाने पर रोज़गार उपलब्ध कराते हैं । वे सम्पत्ति और राष्ट्रीय संसाधनों के अधिक न्यायोचित वितरण को सुनिश्चित करने की एक विधि प्रस्तुत करते हैं ।" इस सन्दर्भ में, एस.एम.ई. के पक्ष में तर्क दीजिए ।

"SMEs provide immediate large scale employment. They offer a method of ensuring a more equitable distribution of wealth and national resources." In this context, give arguments in favour of SMEs. *10*

(b) "विविध प्रभागों में सफलता प्राप्त करने हेतु पूरे विश्व में व्यावसायिक प्रतिष्ठान भूमण्डलीय ई-बिज़नेस का अनुप्रयोग कर रहे हैं ।" इस वक्तव्य पर टिप्पणी कीजिए और प्रतिष्ठानों द्वारा उपयोग किए जा रहे भूमण्डलीय ई-बिज़नेस के विविध अनुप्रयोगों की विवेचना कीजिए ।

"Business firms across the world are applying Global e-Business in various divisions to achieve success." Comment on the statement and discuss the various applications of Global e-Business used by firms. *10*

(c) श्री कुमार भारत में व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों के विनिर्माण एवं विपणन सम्बन्धित एक शीघ्रगामी उपभोक्ता वस्तुओं (एफ.एम.सी.जी.) का प्रतिष्ठान आरम्भ करने का विचार रखते हैं । उन्होंने प्रतिष्ठान के 'विज़न' को अभिकल्पित करने के कार्य हेतु अपने प्रबन्ध निदेशक को निर्दिष्ट किया है । यदि आप प्रतिष्ठान के प्रबन्ध निदेशक हों, तो प्रतिष्ठान के 'विज़न' में किन आयामों को सम्मिलित और किन आयामों से परहेज करेंगे ? 'विज़न' की साकार-कल्पना करने के लिए आप किस प्रक्रिया को अपनाएँगे ?

Mr. Kumar intends to launch a Fast Moving Consumer Goods (FMCG) firm in India dealing in the manufacture and marketing of personal care products. He has assigned the task of designing the 'Vision' of the firm to his Managing Director. If you were the Managing Director of the firm, what dimensions would you include and what dimensions would you avoid in the 'Vision' of the firm ? What process would you adopt to envision the 'Vision' ? *5+5=10*

(d) भारत में निजीकरण के प्रस्तावों को आगे बढ़ाना उत्तरोत्तर कठिन हो रहा है । निजीकरण की प्रक्रिया में कठिनाइयों की विवेचना कीजिए ।

In India, it is becoming increasingly difficult to push through proposals of privatisation. Discuss the difficulties in the process of privatisation. *10*

(e) बहुसांस्कृतिक प्रबन्धन एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यावसायिक निर्णयों पर उसके निहितार्थों के सन्दर्भ में हॉफ्सटेड के 'अन्तःसांस्कृतिक वर्गीकरण' की विवेचना कीजिए ।

Discuss Hofstede's 'Cross-Cultural Classification' with reference to multicultural management and its implications on international business decisions. *10*

**Q6.** (a) व्यवसाय में राज्य की सहभागिता के सन्दर्भ में, व्यवसाय और वाणिज्य को सुगम बनाने के लिए राजकीय प्रयासों को व्यापक तौर पर अभिस्वीकृत किया गया है । व्यवसाय करने की सुगमता का अगला मोर्चा, अपीलीय व न्यायिक क्षेत्रों में विचाराधीनता, विलम्बता और बकायों का समाधान करना है । "क़ानून विलम्ब" को दूर करने के उपाय तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के तरीकों को सुझाइए ।

In the context of State participation in business, the government efforts to make business and commerce easy have been widely acknowledged. The next frontier on ease of doing business is addressing pendency, delays and backlogs in appellate and judicial areas. Suggest ways to address the "law's delay" and boost the economy. *10+10=20*

(b) भारत की विदेश व्यापार नीति के अन्तर्गत 'भारत से निर्यात योजना' की विभिन्न पहलों का मूल्यांकन कीजिए । 2016 से भारत द्वारा निर्यातित प्रमुख वस्तुओं को सूचीबद्ध कीजिए ।

Evaluate the various initiatives of the 'Exports from India Scheme' under the Foreign Trade Policy of India. List the major goods exported from India from 2016 onwards. *10+5=15*

(c) एक साइकिल निर्माता कम्पनी अपने परिचालनों का मूल्य श्रृंखला विश्लेषण करना चाहती है । विस्तार में सुझाव दीजिए कि साइकिल कम्पनी द्वारा किस मूल्य श्रृंखला विश्लेषण विधि को अपनाया जाना चाहिए ।

A bicycle manufacturing company needs to do value chain analysis of its operations. Suggest in detail as to which method of value chain analysis should be adopted by the bicycle company. *15*

**Q7.** (a) कॉर्पोरेट अभिशासन और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के मध्य सम्बन्ध की विवेचना कीजिए । भारत में कॉर्पोरेट अभिशासन को सुधारने हेतु सरकार द्वारा कौन-से क़दम उठाए गए हैं ?

Discuss the relation between Corporate Governance and Corporate Social Responsibility. What steps have been taken by the government to improve Corporate Governance in India ? *5+10=15*

(b) 'निर्यात-आयात क्रियाविधियों' के सन्दर्भ में, निर्यात सम्पादन हेतु 'बिलटी (लदान-बिल) के विभिन्न रूपभेदों की उनके प्रकार्यों सहित' व्याख्या कीजिए ।

With reference to 'Export-Import Procedures', explain the 'Different Variants of Bill of Lading along with their Functions' for an export transaction. *20*

(c) (i) उन विविध कारकों की विवेचना कीजिए कि क्यों प्रतिष्ठान (फ़र्म्स) "क्षैतिज एकीकरण रणनीतियों" को अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं ।

(ii) उन विविध सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए जिनके द्वारा भारतीय कम्पनियों में रणनीतिक संधियों का सफलतापूर्वक प्रबन्धन किया जा सके ।

(i) Discuss the various factors as to why firms are motivated to adopt the "Horizontal Integration Strategies".

(ii) Discuss the various principles by which Strategic Alliances can be managed successfully in Indian companies. *8+7=15*

**Q8.** (a) (i) भारत में साइबर क़ानूनों का समालोचनात्मक आकलन कीजिए ।

(ii) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ता कौन है ? उपभोक्ताओं के मौलिक अधिकार क्या हैं ?

(i) Give a critical assessment of Cyber Laws in India.

(ii) Who is a consumer under Consumer Protection Act ? What are the basic rights of consumers ? *5+10=15*

(b) 'अदा ॲपैरॅल्स' रेडिमेड वस्त्रों (RMG) के व्यवसाय से सम्बन्धित एक कम्पनी है । कम्पनी का सी.ई.ओ. अपने व्यवसाय का विस्तार समुद्रपार करना चाहता है और उसने अपने भूमण्डलीय विपणन निदेशक को अपना निर्णय सूचित कर दिया है ।

यदि आप 'अदा ॲपैरॅल्स' के भूमण्डलीय विपणन प्रबन्धक हों, तो आप किन सभी 'भूमण्डलीय विपणन रणनीतियों के संविदात्मक विधियों' को अपनाएँगे ? भूमण्डलीय विपणन रणनीतियों की किन्हीं दो संविदात्मक विधियों की विवेचना विस्तारपूर्वक कीजिए ।

'Ada Apparels' is a company dealing with ready-made garments (RMG) business. The CEO of the company wants to expand his business overseas and has conveyed his decision to his Global Marketing Director. If you were the Global Marketing Manager of 'Ada Apparels', which all 'Contractual Modes of Global Marketing Strategies' would you adopt ? Discuss any two contractual modes of global marketing strategies in detail. *5+10=15*

(c) (i) पर्यावरणीय विश्लेषण के 'क्रमबद्ध उपागम' तथा 'प्रसंस्कृत प्रपत्र उपागम' के मध्य विभेद कीजिए ।

(ii) किसी एक संगठन के पर्यावरणीय मूल्य-निर्धारण को प्रभावित करने वाले विविध कारकों का मूल्यांकन कीजिए ।

(iii) वी.आर.आई.ओ. ढाँचे का उपयोग करते हुए किसी संगठन का एक आन्तरिक विश्लेषण कीजिए ।

(i) Differentiate between 'Systematic Approach' and 'Processed Form Approach' of Environmental Analysis.

(ii) Evaluate the various factors which affect the Environmental Appraisal of an organisation.

(iii) Do an Internal Analysis of any organisation using VRIO Framework. *8+6+6=20*

anujjindal.in

## F DISTRIBUTION

Values of $F_{.05\,;\,n_1,\,n_2}$

| $n_2$ \ $n_1$ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 12 | 15 | 20 | 24 | 30 | 40 | 60 | 120 | ¥ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 161.4 | 199.5 | 215.7 | 224.6 | 230.2 | 234.0 | 236.8 | 238.9 | 240.5 | 241.9 | 243.9 | 245.9 | 248.0 | 249.1 | 250.0 | 251.1 | 252.2 | 253.3 | 254.3 |
| 2 | 18.51 | 19.00 | 19.16 | 19.25 | 19.30 | 19.33 | 19.35 | 19.37 | 19.38 | 19.40 | 19.41 | 19.43 | 19.45 | 19.45 | 19.46 | 19.47 | 19.48 | 19.49 | 19.50 |
| 3 | 10.13 | 9.55 | 9.28 | 9.12 | 9.01 | 8.94 | 8.89 | 8.85 | 8.81 | 8.79 | 8.74 | 8.70 | 8.66 | 8.64 | 8.62 | 8.59 | 8.57 | 8.55 | 8.53 |
| 4 | 7.71 | 6.94 | 6.59 | 6.39 | 6.26 | 6.16 | 6.09 | 6.04 | 6.00 | 5.96 | 5.91 | 5.86 | 5.80 | 5.77 | 5.75 | 5.72 | 5.69 | 5.66 | 5.63 |
| 5 | 6.61 | 5.79 | 5.41 | 5.19 | 5.05 | 4.95 | 4.88 | 4.82 | 4.77 | 4.74 | 4.68 | 4.62 | 4.56 | 4.53 | 4.50 | 4.46 | 4.43 | 4.40 | 4.36 |
| 6 | 5.99 | 5.14 | 4.76 | 4.53 | 4.39 | 4.28 | 4.21 | 4.15 | 4.10 | 4.06 | 4.00 | 3.94 | 3.87 | 3.84 | 3.81 | 3.77 | 3.74 | 3.70 | 3.67 |
| 7 | 5.59 | 4.74 | 4.35 | 4.12 | 3.97 | 3.87 | 3.79 | 3.73 | 3.68 | 3.64 | 3.57 | 3.51 | 3.44 | 3.41 | 3.38 | 3.34 | 3.30 | 3.27 | 3.23 |
| 8 | 5.32 | 4.46 | 4.07 | 3.84 | 3.69 | 3.58 | 3.50 | 3.44 | 3.39 | 3.35 | 3.28 | 3.22 | 3.15 | 3.12 | 3.08 | 3.04 | 3.01 | 2.97 | 2.93 |
| 9 | 5.12 | 4.26 | 3.86 | 3.63 | 3.48 | 3.37 | 3.29 | 3.23 | 3.18 | 3.14 | 3.07 | 3.01 | 2.94 | 2.90 | 2.86 | 2.83 | 2.79 | 2.75 | 2.71 |
| 10 | 4.96 | 4.10 | 3.71 | 3.48 | 3.33 | 3.22 | 3.14 | 3.07 | 3.02 | 2.98 | 2.91 | 2.85 | 2.77 | 2.74 | 2.70 | 2.66 | 2.62 | 2.58 | 2.54 |
| 11 | 4.84 | 3.98 | 3.59 | 3.36 | 3.20 | 3.09 | 3.01 | 2.95 | 2.90 | 2.85 | 2.79 | 2.72 | 2.65 | 2.61 | 2.57 | 2.53 | 2.49 | 2.45 | 2.40 |
| 12 | 4.75 | 3.89 | 3.49 | 3.26 | 3.11 | 3.00 | 2.91 | 2.85 | 2.80 | 2.75 | 2.69 | 2.62 | 2.54 | 2.51 | 2.47 | 2.43 | 2.38 | 2.34 | 2.30 |
| 13 | 4.67 | 3.81 | 3.41 | 3.18 | 3.03 | 2.92 | 2.83 | 2.77 | 2.71 | 2.67 | 2.60 | 2.53 | 2.46 | 2.42 | 2.38 | 2.34 | 2.30 | 2.25 | 2.21 |
| 14 | 4.60 | 3.74 | 3.34 | 3.11 | 2.96 | 2.85 | 2.76 | 2.70 | 2.65 | 2.60 | 2.53 | 2.46 | 2.39 | 2.35 | 2.31 | 2.27 | 2.22 | 2.18 | 2.13 |
| 15 | 4.54 | 3.68 | 3.29 | 3.06 | 2.90 | 2.79 | 2.71 | 2.64 | 2.59 | 2.54 | 2.48 | 2.40 | 2.33 | 2.29 | 2.25 | 2.20 | 2.16 | 2.11 | 2.07 |
| 16 | 4.49 | 3.63 | 3.24 | 3.01 | 2.85 | 2.74 | 2.66 | 2.59 | 2.54 | 2.49 | 2.42 | 2.35 | 2.28 | 2.24 | 2.19 | 2.15 | 2.11 | 2.06 | 2.01 |
| 17 | 4.45 | 3.59 | 3.20 | 2.96 | 2.81 | 2.70 | 2.61 | 2.55 | 2.49 | 2.45 | 2.38 | 2.31 | 2.23 | 2.19 | 2.15 | 2.10 | 2.06 | 2.01 | 1.96 |
| 18 | 4.41 | 3.55 | 3.16 | 2.93 | 2.77 | 2.66 | 2.58 | 2.51 | 2.46 | 2.41 | 2.34 | 2.27 | 2.19 | 2.15 | 2.11 | 2.06 | 2.02 | 1.97 | 1.92 |
| 19 | 4.38 | 3.52 | 3.13 | 2.90 | 2.74 | 2.54 | 2.54 | 2.48 | 2.42 | 2.38 | 2.31 | 2.23 | 2.16 | 2.11 | 2.07 | 2.03 | 1.98 | 1.93 | 1.88 |
| 20 | 4.35 | 3.49 | 3.10 | 2.87 | 2.71 | 2.60 | 2.51 | 2.45 | 2.39 | 2.35 | 2.28 | 2.20 | 2.12 | 2.08 | 2.04 | 1.99 | 1.95 | 1.90 | 1.84 |
| 22 | 4.30 | 3.44 | 3.05 | 2.82 | 2.66 | 2.55 | 2.46 | 2.40 | 2.34 | 2.30 | 2.23 | 2.15 | 2.07 | 2.03 | 1.98 | 1.94 | 1.89 | 1.84 | 1.78 |
| 24 | 4.26 | 3.40 | 3.01 | 2.78 | 2.62 | 2.51 | 2.42 | 2.36 | 2.30 | 2.25 | 2.18 | 2.11 | 2.03 | 1.98 | 1.94 | 1.89 | 1.84 | 1.79 | 1.73 |
| 26 | 4.23 | 3.37 | 2.98 | 2.74 | 2.59 | 2.47 | 2.39 | 2.32 | 2.27 | 2.22 | 2.15 | 2.07 | 1.99 | 1.95 | 1.90 | 1.85 | 1.80 | 1.75 | 1.69 |
| 28 | 4.20 | 3.34 | 2.95 | 2.71 | 2.56 | 2.45 | 2.36 | 2.29 | 2.24 | 2.19 | 2.12 | 2.04 | 1.96 | 1.91 | 1.87 | 1.82 | 1.77 | 1.71 | 1.65 |
| 30 | 4.17 | 3.32 | 2.92 | 2.69 | 2.53 | 2.42 | 2.33 | 2.27 | 2.21 | 2.16 | 2.09 | 2.01 | 1.93 | 1.89 | 1.84 | 1.79 | 1.74 | 1.68 | 1.62 |
| 40 | 4.08 | 3.23 | 2.84 | 2.61 | 2.45 | 2.34 | 2.25 | 2.18 | 2.12 | 2.08 | 2.00 | 1.92 | 1.84 | 1.79 | 1.74 | 1.69 | 1.64 | 1.58 | 1.51 |
| 60 | 4.00 | 3.15 | 2.76 | 2.53 | 2.37 | 2.25 | 2.17 | 2.10 | 2.04 | 1.99 | 1.92 | 1.84 | 1.75 | 1.70 | 1.65 | 1.59 | 1.53 | 1.47 | 1.39 |
| 120 | 3.92 | 3.07 | 2.68 | 2.45 | 2.29 | 2.17 | 2.09 | 2.02 | 1.96 | 1.91 | 1.83 | 1.75 | 1.66 | 1.61 | 1.55 | 1.50 | 1.43 | 1.35 | 1.25 |
| ∞ | 3.84 | 3.00 | 2.60 | 2.37 | 2.21 | 2.10 | 2.01 | 1.94 | 1.88 | 1.83 | 1.75 | 1.67 | 1.57 | 1.52 | 1.46 | 1.39 | 1.32 | 1.22 | 1.00 |

For other values of $n_1$ and $n_2$, one may use linear interpolation, taking $1/n_1$ and $1/n_2$ as the independent variables. Abridged from Table 18 of *Biometrika Tables for Statisticians*, Vol. I.

## *t*-DISTRIBUTION*

*Values of* $t_{\alpha, n}$

| n \ α | 0.05 | 0.025 | 0.01 | 0.005 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6.314 | 12.706 | 31.821 | 63.657 |
| 2 | 2.920 | 4.303 | 6.965 | 9.925 |
| 3 | 2.353 | 3.182 | 4.541 | 5.841 |
| 4 | 2.132 | 2.776 | 3.747 | 4.604 |
| 5 | 2.015 | 2.571 | 3.365 | 4.032 |
| 6 | 1.943 | 2.447 | 3.143 | 3.707 |
| 7 | 1.895 | 2.365 | 2.998 | 3.499 |
| 8 | 1.860 | 2.306 | 2.896 | 3.355 |
| 9 | 1.833 | 2.262 | 2.821 | 3.250 |
| 10 | 1.812 | 2.228 | 2.764 | 3.169 |
| 11 | 1.796 | 2.201 | 2.718 | 3.106 |
| 12 | 1.782 | 2.179 | 2.681 | 3.055 |
| 13 | 1.771 | 2.160 | 2.650 | 3.012 |
| 14 | 1.761 | 2.145 | 2.624 | 2.977 |
| 15 | 1.753 | 2.131 | 2.602 | 2.947 |
| 16 | 1.746 | 2.120 | 2.583 | 2.921 |
| 17 | 1.740 | 2.110 | 2.567 | 2.898 |
| 18 | 1.734 | 2.101 | 2.552 | 2.878 |
| 19 | 1.729 | 2.093 | 2.539 | 2.861 |
| 20 | 1.725 | 2.086 | 2.528 | 2.845 |
| 21 | 1.721 | 2.080 | 2.518 | 2.831 |
| 22 | 1.717 | 2.074 | 2.508 | 2.819 |
| 23 | 1.714 | 2.069 | 2.500 | 2.807 |
| 24 | 1.711 | 2.064 | 2.492 | 2.797 |
| 25 | 1.708 | 2.060 | 2.485 | 2.787 |
| 26 | 1.706 | 2.056 | 2.479 | 2.779 |
| 27 | 1.703 | 2.052 | 2.473 | 2.771 |
| 28 | 1.701 | 2.048 | 2.467 | 2.763 |
| 29 | 1.699 | 2.045 | 2.462 | 2.756 |
| 30 | 1.697 | 2.042 | 2.457 | 2.750 |
| 40 | 1.684 | 2.021 | 2.423 | 2.704 |
| 60 | 1.671 | 2.000 | 2.390 | 2.660 |
| 120 | 1.658 | 1.980 | 2.358 | 2.617 |
| ∞ | 1.645 | 1.960 | 2.326 | 2.576 |

*Abridged from Table 12 of *Biometrika Tables for Statisticians*, Vol. I.

anujjindal.in